ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 19 | पाक्षिक | अजमेर, 16 सितम्बर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## असम में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी, कहा- शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल जाता हूं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में 6,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण किया। मोदी ने दरांग में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखाया और इसे देखकर उन्हें दुख हुआ। जिस दिन भारत सरकार ने असम के गौरव भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा था कि मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध के बाद पंडित नेहरू ने जो कहा था, नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के वे घाव आज भी भरे नहीं हैं और उस घाव पर कांग्रेस की वर्तमान पीढ़ी भी नमक छिड़कने का काम कर रही है। मोदी ने कहा, मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल जाता हूं। लेकिन जब किसी और का अपमान होता है तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने सभा से पूछा कि भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का फैसला सही है या गलत, और कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अपमान को सही माना जाए या गलत। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम उन पर टूट पड़ेगा कि मोदी फिर से रोने लगा। लेकिन मेरे लिए जनता-जनार्दन ही मेरा भगवान है और मेरे भगवान के पास जाकर मेरी आत्मा की आवाज नहीं निकलेगी तो और कहां निकलेगी। यही मेरे मालिक हैं, यही मेरे पूजनीय हैं, यही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं और कोई मेरा रिमोट कंट्रोल नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश है और असम इसके सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में शामिल है। कभी विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष करने वाला असम अब 13% की विकास दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह असम के लोगों के लचीलेपन और समर्पण का प्रमाण है। यह उपलब्धि असम की कड़ी मेहनत और भाजपा की डबल इंजन सरकार के सहयोगात्मक प्रयासों का भी परिणाम है। यही कारण है कि हिमंत विस्वा सरमा और उनकी टीम को असम के लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है।

## हिंसक प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा, परिजनों को मिलेंगे 10 लाख रुपयेः कार्की



**नई दिल्ली।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा है कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और विनाश में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। कार्की (73) ने काठमांडू के सिंह दरबार सचिवालय स्थित गृह मंत्रालय भवन में पदभार ग्रहण किया। कार्की ने घोषणा की कि Gen Z प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा और उनके परिजनों को 10 लाख नेपाली रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 9 सितंबर के विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई आगजनी और तोड़फोड़ ''सुनियोजित'' थी और Gen Z प्रदर्शनकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं थे। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सुशीला कार्की को Gen Z समूह की सिफारिश पर अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इस समूह के हिंसक प्रदर्शन के बाद केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। दो दिवसीय आंदोलन के दौरान सिंह दरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी। कार्की ने मुख्य सचिव एकनारायण अर्याल को नष्ट हुई पुलिस चौकियों की मरम्मत का निर्देश दिया। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है।

## टिकट बंटवारे का फॉर्मूला बताया अखिलेश यादव ने, सर्वे से तय होंगे प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया है कि इस बार टिकट बंटवारा सर्वेक्षण कराकर ही होगा और जीतने वाले प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। अखिलेश यादव ने पार्टी प्रदेश मुख्यालय में बुलन्दशहर और हापुड़ जनपदों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सपा के नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर काम करें। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार ने पीडीए



समाज का अपमान किया है और वर्ष 2027 में जनता बीजेपी को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने को तैयार है। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मतदाताओं के संपर्क में रहें। उन्होंने साफ कहा कि सर्वे कराए बगैर सपा के प्रत्याशी घोषित नहीं होंगे। इसका मतलब है कि टिकट पाने के दावेदारों को इस बार जनता के बीच कड़ी मेहनत करनी होगी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में बेईमानी और वोट चोरी की कोशिश कर सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वोट काटने की भी साजिश कर सकती है, इसलिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सजग रहें।अखिलेश यादव ने कहा कि नेताओं और कार्यकर्ताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट डलवाना और वोट गिनवाना सभी कार्यों पर ध्यान देना होगा, तभी लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित रहेगा।

## सीटों की मांग पर अड़े जीतन राम मांझी, NDA के लिए बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा जारी है। इसी बीच, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (HAM) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम बिहार चुनाव में 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं ताकि हमारी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिले।बोधगया स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने कहा, "अगर हमको हिंदुस्तान अवामी मोर्चा सेक्युलर अधिकृत करता है तो हम जरूर फैसला लेंगे। इस फैसले में हमारी एक ही चीज है कि हम चाहते हैं कि हमारी पार्टी हर हालत में मान्यता प्राप्त कर ले। मान्यता प्राप्त करने के लिए हम को 8 सीटें विधानसभा में चाहिए या फिर 6 प्रतिशत वोट चाहिए।"जीतन राम मांझी ने आगे कहा, "दो परिस्थिति है कि अगर 8 सीट लाने के लिए हम को 15-16 से लेकर 20 सीटें मिलें। सभी सीट हम जीत जाएं ऐसा तो नहीं है। अगर 60 प्रतिशत स्कोरिंग सीट माना जाएगा तो भी अगर कहा जाएगा कि 15 सीट की बात आती है और 15 सीट हम को मिलती है तो हम 8 सीट जीत जाएंगे। एक क्राइटेरिया ये है कि हम भी 50 या 100 सीट पर लड़ेंगे। हर जगह पर हमारा 10 या 15 हजार वोटर हैं। जीतकर हम 6 पर्सेंट वोट लेकर आएंगे। हम मान्यता प्राप्त कर लेंगे। क्योंकि अब 10 साल हमारी पार्टी को हो गए हैं तो हम निबंधित पार्टी अपने आप को समझने को अपमानित समझते हैं। इसलिए इस बार हमारा करो या मरो का मुद्दा है।" बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन और एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर पेच फंसा हुआ है। दोनों ही गठबंधन में शामिल पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती हैं। एनडीए में चिराग पासवान पहले से ही सीटों को लेकर अड़े हुए हैं और अब जीतन राम मांझी ने भी साफ कर दिया है कि वे भी अपनी शर्तों पर अडिग हैं। मांझी का यह बयान नीतीश कुमार और बीजेपी के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।

## मराठा आरक्षण GR के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान, ओबीसी-आदिवासी संगठनों ने दी चेतावनी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना जिले में ओबीसी, आदिवासी और बंजारा संगठनों ने ऐलान किया है कि वे राज्य सरकार द्वारा मराठा आरक्षण के संबंध में जारी Government Resolution (GR) के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। इन संगठनों का कहना है कि जब तक यह GR वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। यह GR मुंबई में मनोज जरांगे के आंदोलन के बाद जारी किया गया था।इन संगठनों का कहना है कि हैदराबाद गजट को लागू कर मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र दिए जाने और इस आधार पर आरक्षण देने से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कुनबी एक कृषक समुदाय है, जो महाराष्ट्र में ओबीसी वर्ग के अंतर्गत आता है। बंजारा संगठन गोर सेना के अध्यक्ष संदेश चव्हाण ने कहा, "हमें अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया था और हैदराबाद राज्य में आरक्षण प्राप्त था। हम वही अधिकार बहाल करने की मांग कर रहे हैं।" उन्होंने दावा किया कि धाराशिव के एक 32 वर्षीय बंजारा ने आत्महत्या कर ली और सुसाइड नोट में अनुसूचित जनजाति आरक्षण की मांग की। बंजारा समाज के युवा जालना कलेक्टर कार्यालय के बाहर 11 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं जबकि वरिष्ठ नेता हरिभाऊ राठौड़ ने 15 सितंबर को जालना और बीड़ में मोर्चा निकालने की घोषणा की है। हालांकि, आदिवासी संगठनों ने बंजारा समुदाय की इस मांग का विरोध किया है। उनका कहना है कि बंजारा पहले से ही विमुक्त जाति और घुमंतू जनजाति वर्ग के तहत तीन प्रतिशत कोटे का लाभ उठा रहे हैं। ओबीसी कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे और सत्संग मुंडे ने चेतावनी दी कि आरक्षण बढ़ाने से ओबीसी श्रेणी में शामिल 374 जातियों के अधिकार प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि ओबीसी नेताओं ने 10 अक्टूबर को नागपुर में विशाल मोर्चा निकालने का निर्णय लिया है। मराठा क्रांति मोर्चा के राज्य संयोजक संजय लाखे पाटिल ने भी जरांगे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें गजट की ''गहरी जानकारी'' नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, ''कुनबी का रिकॉर्ड रखने वाले मराठा ही लाभान्वित होंगे। सरकार मराठाओं को धोखा दे रही है।''

## सम्पादकीय

# जीएसटी कटौती का सच : राहत या नया बोझ?

सरकार ने हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती की घोषणा की थी। यह कदम महंगाई से जूझ रही आम जनता के लिए राहत का पैगाम माना गया। सरकार का तर्क है कि कर में कमी आने से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक पैसे बचेंगे और वे उन पैसों का उपयोग अन्य जरूरी वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में कर सकेंगे। इससे घरेलू मांग बढ़ेगी, कारोबार में रौनक लौटेगी और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ जैसी बाहरी चुनौतियों से निपटने का भी एक साधन बनेगा। पहली नजर में यह फैसला आम आदमी के लिए फायदेमंद और अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रतीत होता है। लेकिन इस राहत के अमल में आने से पहले ही उपभोक्ताओं की जेब पर एक और बोझ डाल दिया गया है। ऑनलाइन माध्यम से भोजन उपलब्ध कराने वाली कंपनियों ने अचानक अपने प्लेटफॉर्म शुल्क बढ़ा दिए। कोई कंपनी 10 रुपए, कोई 12.50 रुपए और कोई 15 रुपए प्रति ऑर्डर तक शुल्क वसूल रही है। इतना ही नहीं, इन शुल्कों पर अब 18 प्रतिशत जीएसटी भी जोड़ा जाएगा, जिससे हर ऑर्डर पर उपभोक्ताओं की जेब से लगभग 2 से 2.5 रुपए अतिरिक्त निकलेंगे। इस प्रकार ऑनलाइन भोजन मंगवाना पहले से कहीं ज्यादा महंगा हो जाएगा। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब भोजन तैयार करने की वास्तविक लागत पर जीएसटी दरों में कटौती से कोई खास असर नहीं पड़ा, तो उपभोक्ताओं से अतिरिक्त शुल्क वसूलने का तर्क आखिर क्या है? यह स्थिति उपभोक्ताओं के साथ दोहरे व्यवहार को दर्शाती है। सरकार कर घटाकर राहत देना चाहती है, जबकि कंपनियां नए शुल्क थोपकर उसी राहत को खत्म कर रही हैं। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास टूटता है और उन्हें लगता है कि सुधारों का लाभ उन्हें सीधे नहीं मिल रहा। कर में कटौती का वास्तविक फायदा तभी होगा, जब कंपनियां इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। यदि राहत देने का जिम्मा सरकार ले और बोझ बढ़ाने का रास्ता कंपनियां निकालें, तो सुधार का पूरा मकसद अधूरा रह जाएगा।सरकार का दावा है कि जीएसटी सुधारों से घरेलू मांग बढ़ेगी, रोजगार पैदा होंगे और लोगों की आय में इजाफा होगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि उपभोक्ता की जेब से निकले हर अतिरिक्त रुपए से उसकी क्रयशक्ति घटती है। यदि कर कटौती का लाभ बीच रास्ते ही रुक जाए और अंततः महंगाई जस की तस रहे, तो मांग और खपत बढ़ने की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा। अर्थव्यवस्था को मजबूती तभी मिलेगी, जब उपभोक्ता सहजता से खर्च कर सके, न कि हर ऑर्डर पर नए-नए शुल्कों का बोझ उठाए।यहां सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सिर्फ कर घटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इस कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। यदि कंपनियां अपनी मनमानी से शुल्क बढ़ाती रहीं, तो आम जनता को राहत देने की बजाय सुधार केवल कागजों पर सिमट कर रह जाएंगे। उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार उसके पक्ष में है और उसकी जेब की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी अर्थव्यवस्था की मजबूती। अंततः सवाल यही है कि क्या जीएसटी कटौती वास्तव में आम आदमी को राहत दिला पाएगी या फिर कंपनियों के नए-नए शुल्क इस राहत को निगल जाएंगे? यदि सरकार चाहती है कि महंगाई कम हो, खपत बढ़े और अमेरिकी टैरिफ का असर कम किया जा सके, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी सुधार का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर न डाला जाए। राहत के नाम पर अगर एक हाथ से दिया जाए और दूसरे हाथ से छीन लिया जाए, तो उपभोक्ता की पीड़ा और असंतोष और बढ़ेगा।

# किशनगढ़ की कानून व्यवस्था पर विकास चौधरी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा





**किशनगढ़।** राजस्थान विधानसभा में दिन-दहाड़े किशनगढ़ में हो रही चोरी, लूट और डकैती की वारदातों को लेकर विकास चौधरी ने सरकार पर जमकर हमला बोला। विधानसभा के चतुर्थ सत्र में विकास चौधरी ने सरकार से पूछा कि 1 जून 2025 से 20 जुलाई 2025 तक चोरी के कितने प्रकरण दर्ज हुए हैं, साथ ही यातायात और कानून व्यवस्था के लिए कितने सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज मिलने के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। विकास चौधरी ने आरोप लगाया कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, दिन-दहाड़े चोरी, डकैती और लूट जैसी वारदातें आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और उनका खुफिया तंत्र दोनों फेल हैं, जिससे पहचान होने के बावजूद अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जवाब दिया, लेकिन विकास चौधरी असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि मंत्री ने लीपापोती की और केवल "मुलाजिमान की तलाश जारी है" कहकर पूरे सवाल की इतिश्री कर दी। विकास चौधरी ने फॉरेंसिक, फिंगरप्रिंट और बढ़ती अपराध घटनाओं को लेकर भी सवाल उठाए, जिनके जवाब में गृह राज्य मंत्री असहज दिखाई दिए। विकास चौधरी के सवाल पर साथी कांग्रेस विधायकों ने किशनगढ़ में बढ़ती घटनाओं के विरोध में विधानसभा में नारेबाजी की।

# गणेश पूजन के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां शुरू



**किशनगढ़।** अग्रवाल समाज संस्था, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए भगवान गणेश को निमंत्रण पत्रिका भेंट कर मंगल आशीर्वाद लिया। निमंत्रण पत्रिका को लेकर समाज के पदाधिकारी, जयंती संयोजक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य अग्रसेन भवन से ढोल-ढमाकों के साथ गणेश मंदिर पहुंचे। जहां पर मंदिर पुजारी के मंत्रोच्चार पर समाज अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमल किशोर मोर, मंदिर जगत शिरोमणि अग्रवाल समाज परमार्थ ट्रस्ट के प्रबंध प्रन्यासी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सज्जन कुमार कनोडिया, जयंती मुख्य संयोजक अमित अग्रवाल, संयोजक विनोद बंसल, रमाकांत गोयल, मनीष अग्रवाल, जयेश कामदार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, नवयुवक मंडल अध्यक्ष निशांत अग्रवाल, रवि अग्रवाल, महिला मंडल सचिव सीमा गोयल, हेमलता गर्ग, जुली गर्ग, मंजू गोयल ने विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान गणेश के चरणों में आमंत्रण पत्रिका भेंट कर कार्यक्रम को सफल बनाने की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। शाम को अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समाज संस्था, नवयुवक मंडल, महिला मंडल के साथ जयंती महोत्सव के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अग्रसेन जयंती महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन समाज संस्था के पदाधिकारियों एवं जयंती संयोजक मंडल के सदस्यों ने किया। बैठक में महामंत्री प्रदीप अग्रवाल ने जयंती महोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। जयंती मुख्य संयोजक अमित अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव 12 से 24 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं मनोरंजनात्मक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन समाज के महिला, पुरुष एवं बालक, बालिकाओं के लिए किया जाएगा। अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ 12 सितंबर को सुबह 8:15 बजे अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण के साथ होगा।बैठक में राजेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, गोकुल रामचन्द्रका, संजय गोयल, नवीन गोयल, प्रदीप अग्रवाल एडवोकेट सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# प्रेसीडेंसी स्कूल, अजमेर में अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजित



**अजमेर।** प्रेसीडेंसी स्कूल, अजमेर में ऑनलाइन एक्सचेंज प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोयोला इंटरनेशनल स्कूल, कतर और लुंगटेंजाम्पा मिडिल सेकेंडरी स्कूल, थिम्फू (भूटान) के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय "पर्यावरण की रक्षा कैसे करें" और संस्कृति का आदान-प्रदान रहा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना, सहयोगात्मक शिक्षा को प्रोत्साहन देना तथा विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत को समझना था।कार्यक्रम के दौरान प्रेसीडेंसी स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक परिधान और खानपान की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं, भूटान के विद्यार्थियों ने अपने देश की सांस्कृतिक धरोहर, परंपराएँ और जीवन शैली से सबको परिचित कराया। उल्लेखनीय है कि भूटान के वर्तमान राजा भी इसी विद्यालय के छात्र रहे हैं और हाल ही में विद्यालय का निरीक्षण करने आए थे। राजस्थान की संस्कृति से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। इसी दौरान भूटान के विद्यार्थियों ने भारतीय दल को भूटान आने का आमंत्रण दिया, जबकि प्रेसीडेंसी स्कूल ने उन्हें राजस्थान आने हेतु आमंत्रित किया।सत्र में पर्यावरण संरक्षण पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। विद्यार्थियों ने मिलकर पेड़-पौधों की सुरक्षा, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग पर रोक और अक्षय ऊर्जा के प्रयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस वार्ता ने सभी में यह भावना जगाई कि धरती की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास और टीम वर्क ही वास्तविक समाधान है। इसके साथ ही प्रेसीडेंसी स्कूल ने अपने कॉमन सेंस लैब, एआर-वीआर (Augmented Reality - Virtual Reality) लैब और अन्य आधुनिक शैक्षिक संसाधनों का परिचय कराया। इन नवाचारों को देखकर विदेशी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित हुए और उन्होंने इन्हें प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने की गहरी इच्छा जताई।विद्यालय की प्राचार्य ए.पी. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संवाद विद्यार्थियों को न केवल ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति और पर्यावरण दोनों ही मानव जीवन की आधारशिला हैं और यदि विद्यार्थी इन्हें संरक्षित करने की दिशा में संकल्पित हो जाएँ तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर भविष्य मिल सकेगा।इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा की वास्तविक शक्ति सीमाओं से परे जाकर साझा सीखने और आपसी सहयोग में निहित है। अब प्रेसीडेंसी स्कूल अपने आगामी अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन एक्सचेंज प्रोग्राम की तैयारी में जुटा है। अगला कार्यक्रम ताइवान, सिंगापुर और इंग्लैंड के प्रतिष्ठित विद्यालयों के साथ आयोजित किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को और भी व्यापक सांस्कृतिक और शैक्षिक अनुभव प्राप्त होगा और वे विश्व स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत कर पाएँगे।

# मूक-बधिर बच्चों संग मनाया सचिन पायलट का जन्मदिन



**रूपनगढ़।** पूर्व पीसीसी अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का जन्मदिन ब्लॉक कांग्रेस रूपनगढ़ व ब्लॉक कांग्रेस पुष्कर के संयुक्त तत्वावधान में अपना घर अजमेर स्थित मूक-बधिर स्कूल के बच्चों को खाना खिलाकर अनोखे अंदाज से मनाया गया। इस दौरान पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय जोशी, रूपनगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवणराम भाकर, पूर्व पार्षद शरद वैष्णव, पूर्व पार्षद संगीता नागौरा, पुष्कर विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश मौर्य, प्रमोद पाराशर, गोविंद बंजारा, ब्लॉक प्रवक्ता सरथ वैष्णव, रविन्द्र नागौरा, मुख्तियार मिर्जा, रामनिवास जाट, गोपाल तिलोनिया, जितेंद्र गहलोत, हीरालाल माली, कल्याण मौर्य, गिरधारी गुर्जर, जमील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# 9वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर ब्लॉक स्तरीय समारोह आयोजित



**किशनगढ़।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय किशनगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम स्कूल गांधीनगर में 59वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक समन्वयक साक्षरता रणजीत जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि "डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना" आज के कार्यक्रम की मुख्य थीम थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी रजनीश आजाद थे जबकि अध्यक्षता स्थानीय प्रधानाचार्य हेमंत कुमार वर्मा ने की। मंचासीन विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रेम चंद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप शर्मा (खातौली) एवं मीना जाट (सांवतसर) उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान साक्षरता अभियान में शामिल 25 लर्नर्स (नव-साक्षरों), 20 स्वयंसेवी (वीटी) और 25 साक्षरता सर्वेयर ने उपस्थिति दी। मंचासीन अतिथियों द्वारा विमला लेगा, भावना कंवर, भारती जांगिड़, उस्मान खान, कैलाश चंद व चंपालाल सहित एक दर्जन से अधिक लर्नर्स व स्वयंसेवियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।ब्लॉक समिति सदस्य मीना जाट ने उद्बोधन में साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का मूल आधार है और हमें मिलकर हर व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेना होगा। प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने उपस्थित संभागीयों से पूरी निष्ठा और लगन के साथ इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान नहीं, बल्कि अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का भी माध्यम है।इस अवसर पर राजेश मालाकार, भावना कंवर व भारती जांगिड़ ने भी साक्षरता की आवश्यकता और महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल व सामूहिक अभिनय (नाटक), कविता पाठ, गीत एवं चित्रकला जैसी गतिविधियों का आयोजन हुआ। इसमें प्रीति शर्मा, रश्मि, मधुबाला, मंजू कुमारी, संपत्ति पारीक व प्रियंका गोस्वामी ने विशेष भागीदारी निभाई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व अभिभावक शामिल हुए।

## शहर चलो अभियान 2025 : पहले दिन वार्ड 1 से 12 तक समस्याओं का पंजीयन



**किशनगढ़।** राज्य सरकार द्वारा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ''शहर चलो अभियान-2025'' के तहत नगर परिषद किशनगढ़ मुख्य कार्यालय में सोमवार को वार्ड संख्या 1 से 12 तक का कैम्प आयोजित हुआ। इसमें समस्याओं को चिन्हित करने और आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया संपन्न हुई। कैम्प में दिनेश सिंह राठौड़ सभापति, मनोहर तारानी उपसभापति, सीता वर्मा आयुक्त, संदीप यादव अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे। सोमवार को वार्ड संख्या 1 से 12 तक की समस्याओं का पंजीयन किया गया, जिसमें फ्री होल्ड का 1 आवेदन, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन व विकलांग पेंशन के 12 प्रकरण, सीएम स्वनिधि के 4 प्रकरण, स्ट्रीट लाइट का 1 प्रकरण, सफाई व आवारा पशु पकड़ने के 2 प्रकरण, 90ए का 1 प्रकरण, यूडी टैक्स के 2 प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना का 1 प्रकरण, नाम हस्तांतरण/उप विभाजन का 1 प्रकरण और फेरोकवर/पेचवर्क/सीवरेज के 10 प्रकरण शामिल रहे। कैम्प में सुनील खज्जा एटीपी, कमल शर्मा कर निर्धारक, परिषद के अधिकारी कर्मचारी, हमीदा बानो नेता प्रतिपक्ष, पार्षद अनिल राव, जगदीश सिंह शेखावत, मोहम्मद रफीक, सुशील अजमेरा, धन्नालाल यादव, हिम्मत सिंह आदि उपस्थित रहे। अभियान के तहत 9 सितम्बर को वार्ड संख्या 13 से 24 तक का शिविर आयोजित होगा।

# किशनगढ़ में भजन संध्या में ऐतिहासिक भीड़, दर्शक मध्य रात्रि तक झूमते रहे










**किशनगढ़।** श्री बालाजी मेला महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 7 सितंबर रविवार को रात्रि 9 बजे रविन्द्र रंगमंच मैदान पर मयूरा सिटी के सौजन्य से विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया। इस भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विकास चौधरी, सभापति दिनेश सिंह राठौड, आयुक्त सीता वर्मा, जगदीश साहु, अशोक साहु, मोहित खण्डेलवाल थे। मेला कमेटी द्वारा मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।मुख्य कलाकार राकेश शर्मा द्वारा गणेश वन्दना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। इसके बाद मंच पर आए छोटू सिंह रावणा का दर्शकों ने तालीयों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस अवसर पर कमेटी के मुख्य संयोजक चन्द्र प्रकाश बैद ने माल्यार्पण किया और सभापति दिनेश सिंह राठौड द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया छोटू सिंह रावणा ने गुरु वन्दना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। पहले गुरु को चरण वन्दना, भरत को देख अवध का राजा जो सुख आनन्द पायो, बजवा दिया बंजरग वाला ने, बजवा दिया अंजनी के लाला ने, सिया राम जी का डंका लंका में बजवा दिया बंजरग बाला ने, किया केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम, मेरे रामजी से कह देना जे सिया राम। वीर हनुमान अति बलवाना राम राम कहियो, प्रभु मन बसियो। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहु लोक उजागर। श्री राम जानकी रहते मेरे सीने में, देखलो दिल के नगीने में सिया राम जानकी रहते मेरे सीने में। दर्शकों की फरमाईश पर देशभक्ति भजन प्रस्तुत किए गए। भारत की यही कहानी सदियों चली पुरानी, यह ज्ञान की है गंगा ऋषियों की अमर कहानी। ओ मंगल भवन य मंगल आरी, दव उस दशरत अजिर बिहारी, राम सिया राम सिया राम जय जय राम। ओ गाया को ग्वालो मारो सेठ सावरीयो रे, हनुमान विराजे रे, बंजरग बिराजे रे, झालर शंख नगाडा बाजे रे। सालासर के मंदिर में हनुमान बिराजे रे। दर्शकों की फरमाईश पर हो तीन बाण के धारी मेरी लाज बचाओ ना, मुश्किल में है दास अब तेरा जल्दी आवो ना। वीर तेजाजी के सुन्दर भजनों ने जनता को मध्य रात्रि में नाचने गाने पर विवश कर दिया। पूरी रात दर्शकों की फरमाईश और छोटू सिंह रावणा की सुन्दर प्रस्तुती से भक्तिमय माहौल बना रहा।

# इफको की तकनीक खेती में लागत घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में कारगर : भागीरथ चौधरी




**तबीजी (अजमेर),** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को राष्ट्रीय बीज एवं मसाला अनुसंधान केंद्र, तबीजी (अजमेर) में इफको द्वारा आयोजित "किसान - फसल विचार गोष्ठी" में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से सीधे संवाद किया और सरकार की किसान-हितैषी योजनाओं व कृषि विकास की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि अजमेर और राजस्थान की मिट्टी और जलवायु ने धनिया, जीरा, सौंफ और मेथी जैसी मसाला फसलों को अनोखा स्वाद और सुगंध दी है, जिसकी वजह से ये फसलें आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने अनुसंधान केंद्र को किसानों के लिए प्रकाश स्तंभ बताते हुए कहा कि यह संस्थान नई किस्में, उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक खेती के तरीके उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने इफको की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पिछले 53 वर्षों से किसानों को न केवल उर्वरक उपलब्ध करा रही है, बल्कि तकनीक, प्रशिक्षण और नवाचार भी उनके द्वार तक पहुँचा रही है। नैनो यूरिया, ड्रोन स्प्रे और जैव उर्वरक जैसी तकनीकें खेती में लागत घटाने, पर्यावरण की रक्षा करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने नैनो यूरिया को कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल बताया।केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि अवसंरचना कोष और ई-नाम जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि और किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि मसाला फसलों की गुणवत्ता सुधार और निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि किसानों को बेहतर आमदनी मिल सके। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि भाजपा की पहचान हमेशा किसान-हितैषी रही है। अटल बिहारी बाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गाँवों को जोड़ा था और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ नवाचार दाता बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भागीरथ चौधरी ने किसानों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक खेती अपनाएँ, मसाला फसलों की गुणवत्ता बढ़ाएँ और सहकारी संस्थाओं की सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन में शिक्षकों और विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**किशनगढ़।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा मदनगंज किशनगढ़ द्वारा 11 सितम्बर 2025 गुरुवार को संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम के 15वें सोपान का आयोजन उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं माँ भारती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर परिषद सदस्यों व अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन परिषद सदस्यों, गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। परिषद सदस्यों का परिचय एवं मंच संचालन गिरधारी अमरवानी ने किया। परिषद का संक्षिप्त परिचय परिषद सचिव भगवान स्वरूप बाहेती ने दिया। गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन की जानकारी प्रभु दयाल कुमावत द्वारा दी गई। विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान उनके सर्वश्रेष्ठ परिणाम के आधार पर किया गया, जिनमें उदय सिंह राठौड़ एवं पार्वती कँवर को प्रशस्ति पत्र, शिक्षाप्रद साहित्य, श्रीफल और उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपनी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले देवेंद्र गुर्जर, मनीषा गुर्जर, महिपाल गुर्जर, नीरज यादव, हंसराज गुर्जर, अतुल प्रताप सिंह और सूरज सिंह को भी प्रशस्ति पत्र एवं साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। शाला प्रधानाचार्य भगवान प्रसाद शर्मा ने परिषद का आभार व्यक्त किया। परिषद सचिव भगवान स्वरूप बाहेती ने विद्यालय परिवार द्वारा सुंदर व्यवस्था हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही मार्बल सिटी हॉस्पिटल में आरके मार्बल के सहयोग से 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को शनिवार व रविवार को निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में 160 विद्यार्थी एवं 15 गुरुजन उपस्थित रहे। सह प्रभारी पदम जैन ने उपस्थित सभी को स्वच्छ भारत की शपथ दिलाई। परिषद के सरस्वती चंद मुंदड़ा एवं मनीष शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन से हुआ।

## भजन संध्या में छोटू सिंह रावणा का हुआ स्वागत



किशनगढ़। रविवार को श्री बालाजी मेला कमेटी की ओर से आयोजित भजन संध्या में भजन सम्राट छोटू सिंह रावणा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा युवा नेता सूर्य प्रकाश शर्मा ने रावणा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे भजनों के माध्यम से हिन्दू धर्म में जागृति लाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे धर्म के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ रहा है। शर्मा ने रावणा को बुके भेंट कर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भजन गायक बंटी बन्ना भगवा भक्त और भजन गायिका अंतिमा शर्मा (अन्नू) ने भी उनका स्वागत किया।

## वासुपूज्य भगवान का पूजन कर सम्पन्न हुआ दसलक्षण पर्व



किशनगढ़। मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में रुपनगढ़ रोड स्थित मुनिसुव्रतनाथ मंदिर में दसलक्षण पर्व के दसवें एवं अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस पर प्रातः अभिषेक-शांतिधारा व पूजन किया गया।मंत्री सुभाष बड़जात्या ने बताया कि सौधर्म इंद्र बनकर अभिषेक-शांतिधारा करने का सौभाग्य विमल कुमार, महेंद्र कुमार, समर्थ पाटनी परिवार उरसेवा वाले को प्राप्त हुआ। श्रावक-श्राविकाओं द्वारा पंच परमेष्ठी पूजन, बीस तीर्थंकर पूजन, पंच मेरु पूजन, नवदेवता पूजन, नंदीश्वर दीप पूजन, सोलह कारण पूजन, दसलक्षण पूजन, उत्तम ब्रह्मचर्य पूजन और वासुपूज्य भगवान का पूजन कर प्रभु गुणगान किया गया। वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की विशेष पूजन करते हुए निर्वाण मोदक समर्पित किया गया। अनंत चतुर्दशी महापर्व होने के कारण समाजजनों ने अपनी शक्ति अनुसार उपवास एवं व्रत किए और अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सायंकालीन बेला में पंच परमेष्ठी, मूलनायक मुनिसुव्रतनाथ भगवान, महावीर भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, आचार्य वर्धमान सागर महाराज, पद्मावती माता एवं क्षेत्रपाल बाबा की संगीतमय आरती वीर संगीत मंडल की मधुर लहरियों पर भक्ति भाव से की गई।

## 1500 साला जश्न-ए-मिलादुन्नबी पर महफिल-ए-दुरूदो सलाम आयोजित





बड़ी खाटू। कस्बे में हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्ललाहु अलैहि वस्सलम के 1500 साला विलादत के मौके पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक माह के चलते बुधवार शाम नमाज-ए-असर के बाद दरगाह सरकार सैयदुना हाफ़िज हफ़ीजुल्लाह क़ादरी र. अ. के परिसर में महफिल-ए-दुरूदो सलाम का आयोजन किया गया। महफिल में कस्बे के मोमिनों व मदरसों के बच्चों ने शिरकत की। महफिल-ए-दुरूदो सलाम हजरत अल्लामा मौलाना पीर सैयद मसुदुजमा साहब क़ादरी चेयरमैन हफ़ीजी क़ादरी फाउंडेशन की सरपरस्ती में रही। मसूदुजमा साहब ने बताया कि एक मर्तबा दरूद पढ़ने से दस दर्जात बुलंद होते हैं और दस गुनाह माफ किए जाते हैं। दरूद पढ़ने से दुआ जरूर कबूल होती है। महफिल में कस्बे के सभी उलमा-ए-किराम हजरात ने शिरकत की। फाउंडेशन के सदस्य शौकत भाई लीलगर ने बताया कि महफिल में हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्ललाहु अलैहि वस्सलम की बारगाह में दुरूद व सलाम का नजराना पेश किया गया और मुल्क-ए-हिंदुस्तान में अमन, चैन, सुकून व उम्मत-ए-मोहम्मदी के लिए खास दुआएं की गई।

# भव्य जुलूस के साथ तपस्वियों ने किया पारणा

**किशनगढ़।** सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आरके कम्यूनिटी सेंटर में पारणा महोत्सव का आयोजन हुआ। दसलक्षण पर्व के दौरान उपवास करने वाले तपस्वियों का पारणा कराया गया। उपमंत्री राजेश पांडया ने बताया कि तपस्वियों को सिटी रोड स्थित जैन भवन से बग्गी में बैठाकर बैंड बाजे, ढोल धमाके और भगवान के जयकारों के साथ आदिनाथ मंदिर, चंदाप्रभु मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, पुरानी मिल होते हुए आरके कम्यूनिटी सेंटर तक लाया गया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने तिलक लगाकर, माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जुलूस का संचालन राजेंद्र चौधरी ने किया। आरके कम्यूनिटी सेंटर में हुए महोत्सव में आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, मंत्री विनोद चौधरी, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल, मंत्री सुभाष बड़जात्या सहित सकल दिगंबर जैन समाज ने तपस्वियों को पारणा कराया। चंदाप्रभु महिला मंडल ने सामूहिक पारणा की व्यवस्था में सहयोग दिया। इसके पश्चात तपस्वियों के परिवारजनों द्वारा सूरज देवी सभागार में वात्सल्य भोज आयोजित किया गया। भोजन व्यवस्था में कैलाश पाटनी, पदम बड़जात्या, अनिल पाटनी फुलेरा, पवन लुहाड़िया, प्रवीण सोनी, सुरेश काला, राजू लुहाड़िया, पवन पाटनी का विशेष सहयोग रहा।

**दस उपवास करने वाले**

प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि दसलक्षण पर्व पर दस उपवास करने वालों में मुस्कान गंगवाल पुत्री मुकेश गंगवाल, रेणु पापड़ीवाल धर्मपत्नी मनजीत पापड़ीवाल, माही पुत्री मनोज झांझरी, श्रुति बोहरा धर्मपत्नी मोहित बोहरा, ममता छाबड़ा धर्मपत्नी हेमन्त छाबड़ा, दीपक बैद पुत्र स्व. प्रकाशचन्द बैद, निधी बैद धर्मपत्नी दीपक बैद, रिंकी गोधा धर्मपत्नी अमित गोधा, प्रांजुल पहाड़िया पुत्र गणेश पहाड़िया, चन्द्रप्रकाश बैद पुत्र स्व. राजेन्द्र बैद, पलक सेठी धर्मपत्नी अमित सेठी, अन्तिमा झांझरी धर्मपत्नी संजय झांझरी, अंजू अजमेरा धर्मपत्नी योगेश अजमेरा, हिना बाकलीवाल धर्मपत्नी आशु बाकलीवाल, पुनीत बज पुत्र पंकज बज, मुकेश काला पुत्र स्व. बाल काला शामिल रहे।

**16 उपवास करने वाले**

पारणा महोत्सव में 16 उपवास करने वालों में पुष्पा सेठी धर्मपत्नी कमल सेठी, आकांक्षा रांवका



धर्मपत्नी दीपक रांवका, राकेश पहाड़िया पुत्र स्व. पारसमल पहाड़िया, पुष्पा पहाड़िया धर्मपत्नी राकेश पहाड़िया, नरेन्द्र लुहाड़िया पुत्र स्व. बसन्तीलाल लुहाड़िया, रतन दगड़ा पुत्र स्व. भागचन्द दगड़ा, शकुन्तला देवी छाबड़ा धर्मपत्नी स्व. इन्दरचन्द छाबड़ा, रमेश छाबड़ा पुत्र स्व. इन्दरचन्द छाबड़ा, अनिला छाबड़ा धर्मपत्नी रमेश छाबड़ा शामिल रहे।

# विकास चौधरी ने ट्रैक्टर पर लाकर विधानसभा में दिखाईं अतिवृष्टि से बर्बाद फसलें



**किशनगढ़/जयपुर।** विधायक विकास चौधरी ने विधानसभा में अनोखे अंदाज में अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों के साथ ट्रैक्टर लेकर पहुंचकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक विकास चौधरी किसानों की पीड़ा को लेकर विधानसभा पहुंचे और कहा कि कुदरत के इस कहर से किसान टूट गया है, लेकिन सरकार भी आंख मूंद कर सो रही है, जिसको जगाने के लिए उन्हें ट्रैक्टर और खराब फसलों के साथ विधानसभा में पहुंचना पड़ा। विधायक विकास चौधरी मूंग, बाजरा और ज्वार की खराब फसलों को ट्रैक्टर से विधानसभा लेकर पहुंचे और साथी विधायकों के साथ किसानों को अतिवृष्टि से हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी करवा कर विशेष राहत पैकेज जारी करने की मांग की। किसानों की फसलें पूर्ण रूप से नष्ट, राम और राज दोनों रूठे - विधायक विकास चौधरी ने सरकार का ध्यानाकर्षण किया कि पूरे अजमेर जिले सहित प्रदेश में हुई भारी बारिश से किसानों की फसलें पूर्ण रूप से नष्ट हो गई हैं। क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात हैं और पशुओं के लिए चारे का संकट है। किसानों के लिए राम तो रूठ गया, लेकिन सरकार भी उनकी ओर नहीं देख रही है। सरकार जल्द विशेष गिरदावरी के आदेश जारी करें - विधायक विकास चौधरी ने विधानसभा में साथी विधायकों के साथ सरकार से मांग की कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के लिए खेती और पशुपालन ही एकमात्र जीविकोपार्जन का जरिया है, लेकिन पिछले सालों से हो रही अतिवृष्टि के कारण आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वर्तमान में अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए विशेष गिरदावरी का आदेश जारी किया जाए। चालू विधानसभा सत्र में ही विशेष राहत पैकेज की घोषणा करें सरकार - विधायक विकास चौधरी ने सरकार से मांग की कि इस कठिन समय में किसानों को सरकार द्वारा विशेष राहत पैकेज जारी करके आर्थिक संबल प्रदान किया जाए। सरकार इसी सत्र में किसानों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करें, जिससे अन्नदाताओं को संबल मिल सके।

# भागीरथ चौधरी के प्रयास से किशनगढ़ मंडी में ऑक्शन प्लेटफॉर्म निर्माण और कवर को मिली स्वीकृति

**केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की अनुशंसा पर क्षेत्र के किसानों की बड़ी मांग पूरी, 117.08 लाख रुपये की लागत से किशनगढ़ कृषि मंडी का ऑक्शन प्लेटफॉर्म होगा कवर**





**किशनगढ़ (अजमेर)।** किसानों और व्यापारियों की लंबे समय से लंबित मांग को सरकार ने पूरा कर दिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयासों और अनुशंसा पर किशनगढ़ कृषि उपज मंडी में ऑक्शन प्लेटफॉर्म निर्माण और कवर करने के लिए 117.08 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। अजमेर क्षेत्र को यह सौगात केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के अथक प्रयासों और पहल का परिणाम है। मंडी क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों ने लगातार यह मांग उठाई थी कि खुले प्लेटफॉर्म पर नीलामी के दौरान फसलें धूप, वर्षा और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित होती हैं, जिससे नुकसान उठाना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कृषि विभाग को निर्देशित किया और विभाग ने शीघ्र कार्यवाही कर स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय से अब क्षेत्र के हजारों किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। नीलामी अब सुरक्षित वातावरण में हो सकेगी और खरीफ-रबी की उपज संरक्षित की जा सकेगी। स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि उनके प्रयासों से मंडी की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी